लोक सेवा आयोग, उ0 प्र0 इलाहाबाद

संख्या: 115 /1/ई–1/2009–2010 टी.सी.
इलाहाबाद:दिनांक: 15 जून, 2011

विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010 के आधार पर जिन अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु सफल घोषित किया गया है, उन्हें एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा के लिए ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र तथा परम्परागत आवेदन पत्र, अनुदेशों सहित उनके पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जा चुके हैं । आवेदन पत्रों को भरकर उन्हें इलाहाबाद स्थित आयोग कार्यालय के डाक अनुभाग के काउण्टर पर व्यक्तिगत रूप से हाथों–हाथ अथवा सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, 10 कस्तूरबा गॉधी मार्ग,इलाहाबाद– 211018 को पंजीकृत डाक द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि 27 जून, 2011 को 5.00 बजे अपरान्ह तक नियत है । जिन अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र दिनांक 22 जून, 2011 तक न प्राप्त हो वे दिनांक 23, 24 व 25 जून, 2011 को प्रारम्भिक परीक्षा के प्रवेश पत्र के साथ आयोग कार्यालय के परीक्षा–1 अनुभाग में सम्पर्क कर आवेदन पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकते हैं ।

2– अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये आवेदन पत्र, उक्त नियत तिथि (27 जून, 2011 सायंकाल 5.00 बजे) के बाद प्राप्त होने पर आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(मुरलीधर दुबे)
परीक्षा नियंत्रक